2015-16	60.00	–	–	–	–	–	DIF द्वारा पत्र क्र. 460/DIF/PMP/2015 दिनांक 26.06.15 द्वारा राशि रू. 7451730.00 का अतिरिक्त आबंटन प्रदान किया गया है। निक्सी द्वारा प्रदत्त प्रोफार्मा इनवाईस अनुसार राशि रू. 881010.00 मात्र विमुक्त करने हेतु सचिव वित्त विभाग को पत्र क्र. 649 दिनांक 06.07.2015 प्रेषित किया गया है।

Monitoring Format Part-II

European Commission-State Partnership Programme

Expenditure Statement-Tranche-Wise As on 30-06-2015

Department: Director Local Fund Audit, Naya Raipur (Finance Department) Rs. in Lakhs

Tranche	Amount as per approved PIP	Expenditure during the Financial year.		Total Expenditure	Remark about likely expenditure
		For which Utilization Certificate Received	For which Utilization Certificate not Received		
1	2	3	4	5	6
I	109	एल.एफ.ए./प्रशा/07–08/975,976 दिनांक 26.07.2007	-	90.86854	Freezed
II	60.00		-	0.0	
III	120.22	एल.एफ.ए./प्रशा/यूरो/469 दिनांक 29.04.2011	-	50.49128	
IV					
V					
VI					
Adjusted	130.22	एल.एफ.ए./प्रशा/यूरो/दिनांक 17/04/2012 रू. 112.81140	-	112.81140	1. राशि रू. 87.85083 लाख कम्प्यूटर नोटबुक सह उपकरण क्रय में व्यय। 2. राशि रू. 15.21057 लाख साफ्टवेयर विकास हेतु एन.आई.सी.एस.ई.आर.व्ही. इनकारपोरेटेड नई दिल्ली को भुगतान । 3. राशि रू. 9.75 लाख अधिकारी कर्मचारीगण के प्रशिक्षण में व्यय।
2013-14		एल.एफ.ए./प्रशा/यूरो/187 दिनांक 17/05/2013 रू. 15.66 लाख	-	34.80	वर्ष 2013–14 में शासन के पत्र क्र. 110/एल 13–1/2011/वित्त/बजट–4 रायपुर दिनांक 23.04.2013 द्वारा राशि रू. 35.05 लाख बजट विमुक्त किया गया है। विभाग में प्रक्रियाधीन साफ्टवेयर विकास हेतु एन.आई.सी.एस. आई. को 01 सीनियर प्रोग्रामर एवं 04 प्रोग्रामरों का आंशिक अग्रिम पारिश्रमिक राशि रू. 34.80 लाख भुगतान किया गया।
2014-15	0.24878	-	-	-	
2015-16	74.76608	-	-	-	DIF द्वारा प्रदत्त अतिरिक्त आबंटन 74.51730 एवं पूर्व कार्ययोजना की अवशेष राशि रू. .24878 का योग।
Total	363.7373	-	-	288.97122	

12. *अधिकारियों/कर्मचारियों के प्रशिक्षण :–*

विगत 5 वर्षों में विभाग के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को शासकीय व्यय पर छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासन अकादमी तथा राज्य से बाहर प्रशिक्षण का लाभ दिया गया है। विगत वर्षों में प्रशिक्षण हेतु भेजे गए अधिकारियों/कर्मचारियों के विषय निम्नानुसार थे :–

स.क्र.	प्रशिक्षण के विषय
1	Zero base and out come budgeting for fanicial ex
2	तनाव प्रबंधन
3	Motivational Behavioral Skills in Govt.
4	Roles and Duties of OIC in Court Cases
5	Budgeting and Accounting Procedure
6	शासन के प्रेरणा एवं उत्पादकता
7	Gender Budgeting and Empowerment of women
8	Desaster Management
9	Urban Admonistration and Planing
10	व्यवहार मूलक कौशल
11	Good Governance
12	Office Procedure and service matters
13	Court Procedure
14	Reservation in Service
15	सूचना का अधिकार
16	Finanical Management
17	Empowerment of SC/ST
18	Value Admonistration

13. राज्य वित्त आयोग का प्रतिवेदन :–

छ0ग0 शासन वित्त विभाग के पत्र क्रमांक 1168/2333/2013/स्था/ चार नया रायपुर दिनांक 03.08.2013 का कृपया अवलोकन हो।

पत्र में द्वितीय राज्य वित्त आयोग के द्वारा स्थानीय नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं से संबंधित वर्ष 2012–17 के लिये दिये गये प्रतिवेदन के साथ स्थानीय निधि संपरीक्षा से संबंधित अनुशंसित पत्र पृ.क्र. 7 के बिन्दु सरल क्रमांक– 45, 46, 47, 48 एवं 50 के कंडिका कं.107 एवं पृ.क्र. 11 के सरल क्रमांक–81, 82 एवं 83 के कंडिका कमांक 14.67 में उल्लेखित अनुसार कार्यवाही करने हेतु अभिलिखित किया है। स्थानीय निधि संपरीक्षा संबंधी कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है :–

अ. <u>पंचायती राज संस्थाएं :–</u> पंचायती राज संस्थाओं के संबंध में आयोग का प्रतिवेदन, राज्य शासन का निर्णय एवं संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा द्वारा कृत कार्यवाही/ प्रस्ताव का विवरण के पृष्ठ क्रं 7 में उल्लेखित सरल 45, 46, 47, 48 एवं 50 के 10.7 अनुसार निम्नलिखित हैः–

स.क्रं	सरल व कंडिका क्र.	राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा	राज्य शासन का निर्णय
1.	45/10.7	स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग पंचायती राज संस्थाओं विशेषकर ग्राम पंचायतों जिनकी संख्या बहुत है तथा नगरीय स्थानीय निकायों का अंकेक्षण वर्तमान में स्वीकृत व उपलब्ध सीमित अमले से करने में समर्थ नहीं हैं। अतएव इस संस्था के स्वीकृत विभागीय ढांचे का पुनरीक्षण करके समयबद्ध तरीके से इसे मजबूत किया जाना आवश्यक है।	अनुशंसा को मान्य किया गया। समय बद्ध तरीके से पंचायतों एवं नगरीय निकायों का आडिट कराया जाएगा।
2.	46/10.7	अंकेक्षण के पुराने बकाया मामलों को निपटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए जिसमें आंतरिक अंकेक्षण तथा करारोपण अधिकारी सांविधिक अंकेक्षणों की सहायता करें। इसके लिए स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग के सेवा निवृत्त कर्मचारियों की सेवाएं ली जा सकती है।	अनुशंसा को मान्य किया गया।
3	47/10.7	राज्य में ग्राम पंचायतों की संख्या को ध्यान में रखते हुए स्थानीय निधि संपरीक्षा संचालनालय में पंचायतों के अंकेक्षण के लिए अलग से एक अनुभाग बनाये जाने पर विचार किया जाए।	अनुशंसा को मान्य किया गया।
4	48/10.7	पंचायत अंकेक्षकों के संवर्ग का स्थानीय निधि संपरीक्षा संचालनालय में संविलियन किया जाना उचित होगा।	अनुशंसा को मान्य किया गया।
5	50/10.7	राज्य सरकार स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग को अंकेक्षण कार्य में तकनीकी मार्गदर्शन तथा पर्यवेक्षण प्रदान करने हेतु भारत के नियत्रंक एवं महालेखापरीक्षक से सक्रियतापूर्वक पहल करे तथा उनसे स्थानीय निकायों का टेस्ट आडिट भी कराया जाना है।	अनुशंसा को मान्य किया गया। महालेखाकार छ.ग. एवं भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक से अनुरोध किया जाएगा।

ब. स्थानीय नगरीय निकाय :–

स्थानीय नगरीय निकायों के संबंध में आयोग का प्रतिवेदन, राज्य शासन का निर्णय एवं संचालनालय स्थानीय निधि संपरीक्षा द्वारा कृत कार्यवाही/ प्रस्ताव का विवरण में उल्लेखित सरल क्रं. 81 से 84 के कंडिका 14.67, 14.68, 14. 70, 14.71 अनुसार निम्नलिखित हैः–

स.क्रं	सरल व कंडिका क्र.	राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा	राज्य शासन का निर्णय
6.	81/14.67	नगरीय प्रशासन में वित्तीय जवाब देही जाने के लिए इन निकायों को निर्धारित समय सीमा में अंकेक्षण आपत्तियों का निराकरण करना।	अनुशंसा को मान्य किया गया।
7.	82/14.68	राज्य सरकार कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि और कम्प्यूटरीकरण के जरिए स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग को मजबूत बनाये। अंकेक्षण आपत्तियों के शीघ्र निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जायें। इसमें विलम्ब होने से अंकेक्षण का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। और लोगों का विश्वास प्रभावित होता है।	अनुशंसा को मान्य किया गया।
8	83/14.70	भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक तथा स्थानीय निधि संपरीक्षा निदेशक के वार्षिक प्रतिवेदन राज्य विधान सभा के समक्ष प्रस्तुत किए जाने चाहिए।	अनुशंसा को मान्य किया गया।

16. तेरहवें (13वें) वित्त आयोग का प्रतिवेदन :–

स्थानीय निकायों के विषय में 13 वें वित्त आयोग के प्रतिवेदन अध्याय 10 स्थानीय निकाय के अंकेक्षण संबंधी 13 वॉ वित्त आयोग (2010–15) शहरी निकायों की लेखा परीक्षा के संबंध में सामान्य निष्पादन अनुदान के लिए प्रोत्साहन संरचना 10.161 (ii) एवं पैरा 10.167 अनुसार क्षमता निमार्ण कर कार्मिकों की संख्या बढ़ाकर स्थानीय निधि लेखापरीक्षा विभाग को सही ढंग से मजबूती प्रदान करने के लिए अनुशंसा की गई है । स्थानीय निधि संपरीक्षा विभाग अंकेक्षण के सुसंगत 13 वॉ वित्त आयोग के प्रतिवेदन पैरा निम्नानुसार हैं :–

1. पैरा 10.24 – 11 वें वित्त आयोग के सिफारिश पर राज्य सरकार द्वारा अनुदानों का लगभग 8 प्रतिशत दिनांक 06.11.2009 की स्थिति में आहरित नहीं किया गया था। प्रतिवेदन के अनुसार उपयोगिता प्रमाण पत्र के प्रस्तुत न किए जाने के कारण है। इस कमी के लिए स्थानीय निकाय द्वारा लेखों के अनुरक्षण का अभाव और अपने लेखे लेखापरीक्षण कराने में उनकी ढीलीवृत्ति जिम्मेदार है। स्थानीय निकायों के लिए ऐसे आंकड़ाधार के सृजन और अनुरक्षण की आवश्यकता को प्रबलित करता है जिसमें उनके संसाधन, प्रचालन और वित्तीय निष्पादन संकेतक शामिल है इसको एक आधार के रूप में प्रयोग कर के, लेखों को तैयार किया जा सकता है। जिन्हे फिर नियमित रूप से लेखापरीक्षा किया जा सकता है।

2. पैरा 10.34– 12 वें वित्त आयोग ने उन 14 सर्वोत्तम पद्धतियों का अभिज्ञात किया है, जिन्हे पंचायती राज संस्थाएं अपना सकती है, जिनमें कराधान शक्तियों का वर्धन, प्रयोक्ता प्रभार लगाना, समय पर राज्य वित्त आयोग का गठन तथा लेखों का नियमित अनुरक्षण और लेखा परीक्षा शामिल है।

3. पैरा 10.66–प्रशासनिक सुधार आयोग ने पंचायतों की शंक्तियों तथा प्राधिकार को बढ़ाने के प्रक्रिया के समानान्तर पंचायतों की जवाबदहिता को बढ़ाने के महत्व का उल्लेख किया है। इसने संबंधित राज्य पंचायती तथा नगर पालिका अधिनियम में संशोधन करके अन्य निकायों के लिए एक पृथक लोकपाल का संगठन करने के अलावा स्थानीय निकायों में लेखा परीक्षा समितियों के साथ–साथ राज्य विधायिका में स्थानीय निकायों के लिए एक पृथक स्थायी समिति के गठन का प्रस्ताव किया है जो C&AG की रिपोर्ट पर विचार करेगी।

4. पैरा 10.67–लेखाकरण तथा लेखापरीक्षा के मामले में एसआरसी ने सभी राष्ट्रीय निगम लेखा संहिता को पृष्ठांकित किया है। इसनें शहरी स्थानीय निकायों के लेखा की लेखा परीक्षा पर सी एडं एजी का अधिराज्य सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया है चाहे यह कार्य आरंभतः अन्य अभिकरणों द्वारा किया जाना हो। इसमें विद्यमान व्यवस्थाओं, जिसके तहत C&AG PRI तथा ULB के लेखा अनुरक्षण तथा लेखापरीक्षा पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण उपलब्ध कराता है, के संस्थानीकरण की तथा साथ ही राज्य सरकार स्तर पर निदेशक स्थानीय निधि लेखापरीक्षा को कार्यात्मक स्वतंत्रता उपलब्ध कराने की मांग की गई है। इसने प्रस्ताव किया है कि एफसी अनुदान स्थानीय निकायों को तभी निर्मुक्त किए जाएं जब राज्य सरकारें C&AG की TG&S स्वीकार कर लें।

5. पैरा 10.71–स्थानीय निकायों को सशक्त बनाने तथा राजस्व संग्रहण एवं केन्द्रक सिविक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए उनके लिए एक सांविधिक आदार की व्यस्था करना है, तथा साथ ही साथ एक औपचारिक लेखापरीक्षा तथा जवाबदेह प्रक्रम के माध्यम से जवाबदेहिता की आवश्यकता पर जोर देना है।

6. पैरा 10.72–लेखाकरण तथा लेखापरीक्षा से संबंधित अनुशंसाओं जैसी एसएआरसी की अन्य अनुशंसाएं तथा एसएफसी के निष्पादन में सुधार को अभी तक क्रियान्वित नहीं किया गया है। समरूप अनुशंसाएं जिनके लिए सांविधानिक परिवर्तन अपेक्षित नहीं है किन्तु उन्हे क्रियान्वित भी नहीं किया गया है।

7. पैरा 10.77–(v) पीआरआई को लेखों का अर्थपूर्ण संकलन करने के लिए सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए इसमें लेखाकरण प्रारूपों तथा मानकों का सुदृढ़ीकरण, जिससे उनके लेनदेन का समुचित, लेखाकरण सुकर हो तथा साथ ही लेखाकरण, लेखा परीक्षा निष्पादन संपरीक्षा, निधियन एवं मॉनिटरिंग कार्यों को सम्बद्ध करते हुए एक इंटरएक्टिव इलेक्ट्रानिक नेटवर्क का निर्माण करना शामिल होना चाहिए।

8. पैरा 10.93– 11 वें एवं 12 वें एफसी तथा 13 वें एफसी को राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत स्थानियों के राजस्व तथा व्यय के संबंध में डाटा में महत्वपूर्ण अनिरंतरताएं हैं। स्थानीय निकायों के संबंध में उपलब्ध कराए गए डाटा को स्वतंत्र रूप से सत्यापन करने में असमर्थ रहे हैं। एक ऐसी प्रणाली सुव्यवस्थित करने की आवश्यकता है जहां स्थानीय निकायों का वित्तीय तथा निष्पापदन डाटा लेखा परीक्षित तथा उसकी विश्वासपूर्वक पुष्टि की जा सके। राज्य सरकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए राजकोषीय संबंधी आंकड़ों का वित्त आयोग द्वारा राज्य वित्त लेखे के संदर्भ में सत्यापन किया जा रहा है। स्थानीय निकायों से संबंधित डाटा के लिए भी इसी प्रकार की प्रणाली सुव्यवस्थित की जानी आवश्यक है।

9. पैरा 10.94–11 वें एफसी द्वारा आंकड़ाधार का अनुरक्षण करने, तथा साथ ही लेखों को अद्यतन करने की आवश्यकता को 10 वर्ष एवं 12 एफसी द्वारा 5 वर्ष बीतने के बाद भी स्थिति में बहुत कम सुधार परिलक्षित हुआ है। हालाकि आयोग आकड़ाधारों, लेखों तथा लेखा परीक्षा के मुद्दे पर पूर्ववर्ती आयोगों की अनुशंसाओं को स्वीकारते, मानते, तथा समर्थित करते हैं।

10. पैरा 10.97– एक अंतरण सूचकांक का सृजन करने के लिए एनसीएईआर के माध्यम से पीईएआईएस की पहल महत्वपूर्ण है। पंचायती कार्यों, वित्त साधनों तथा पदाधिकारियों संबंधी डाटा एनसीएईआर द्वारा सीधे राज्य सरकारों से एकत्रित किया गया था। वित्त साधनों के डाटा में सम्मिलित हैं –

–करों का संग्रहण करने लिए शक्तियों का प्रत्यायोजन,
–एसएफसी रिपोर्टों का क्रियान्वयन,
–योजनाएं तैयार करने लिए शक्तियों का प्रत्यायोजन,
–राज्य बजटों में पृथक संबद्ध मदों की विद्यमानता,
–स्थानीय निकायों की प्रतिशतता जिनके लेखों की लेखा परीक्षा की गई है,
–व्यय के प्रतिशत के रूप में स्वयं का राजस्व,
–कुल आयोजना,
–आयोजनाभिन्न अनुदानों के प्रतिशत के रूप में अनाबद्ध निधियां,

11. पैरा 10.111–पंचायत राज संस्थाओं के लिए सी एंड एजी तथा पंचायती राज मंत्रालय ने एक आदर्श पंचायती लेखाकरण प्रणाली को अंतिम रूप दिया है। जिसे पहली अप्रैल 2010 से शुरू किया जाना प्रस्तावित है। सभी राज्य आदर्श पंचायत लेखाकरण प्रणाली के साथ सुसंगत एक लेखाकरण ढांचा तथा कुटीकरण ढांचा अपनाए।

12. पैरा 10.112–राज्य स्तर पर बजट आबंटन की उचित मानिटरिंग तथा टीआरआई के लेखा का समेकन करने के लिए राज्यों को प्रत्येक जिला/जनपद/ग्राम पंचायत को विशिष्ट कूट आबंटित करने होंगे।

13. पैरा 10.112–नगरीय शहरी स्थानीय निकाय के लिए सी एंड एजी तथा शहरी विकास मंत्रालय के द्वारा राष्ट्रीय नगर पालिका लेखा संहिता तैयार की गई है। जिसे पहली दिसम्बर 2004 परिचालित किया गया है। इससे शहरी स्थानीय निकाय में समस्त वित्तीय सूचना का अभिग्रहण सुकर बनाती है।
14. पैरा 10.116–राज्यों को सभी शहरी निकायों में एक लेखाकारण ढांचा क्रियान्वित करना चाहिए, जो एनएमएएम सुझाए गए लेखाकरण प्रारूप एवं कुटीकरण पेटर्न से सुसंगत हो।

15. पैरा 10.117–स्थानीय निकायों के लेखा परीक्षा तथा जवाबदेहिता पैरा के तहत 11 वॉ एफसी ने लेखों के अनुरक्षण के तकनीकी मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण (टीजी एण्ड एस) तथा लेखा परीक्षा का कार्य सीएजी को सौंपा जाना था, टीजी एण्ड एस के संगठकों में ये शामिल है।

(i) लेखापरीक्षा मानदण्डों का निर्धारण तथा लेखा परीक्षा आयोजना,

(ii) बेहतर लेखा परीक्षा प्राविधियों को अपनाना,

(iii) लेखा परीक्षा तथा लेखों में प्रशिक्षण,

(iv) यादृच्छिक चयन द्वारा वार्षिक लेनदने लेखा परीक्षा एवं स्थानीय निधि लेखा परीक्षा के राज्य निदेशक द्वारा लेखा परीक्षित संस्थाओं की अनुपूरक लेखा परीक्षा।

16. पैरा 10.121–आयोग स्थानीय निकायों के वित्तीय निष्पादन संबंधी विश्वसनीय डेटा प्राप्त करने में असमर्थ रहा है। अनेक पंचायती राज तथा शहरी निकाय अद्यतन तथा लेखे परीक्षित लेखों का अनुरक्षण करते हैं, अधिकांश ऐसा करने में असमर्थ है। यदि स्थानीय निकाय के लेखे सभी राज्यों में एक समान तरीके में नियमित आधार पर, तैयार तथा लेखा परीक्षित किए जाएं इस कारण से यह आवश्यक है कि सीएजी को सभी राज्यों के लिए स्थानीय निकायों के लिए टीजी एण्ड एस सौंप दिए जावें। यह सभी राज्यों में स्थानीय निकायों के लिए लेखाकरण प्रारूपों के मानकीकरण का एक अनिवार्य परिणाम भी होगा इसके अतिरिक्त सीएजी की वार्षिक तकनीकी निरीक्षण रिपोर्ट के साथ–साथ स्थानीय निधि लेखापरीक्षा के निदेशक की वार्षिक रिपोर्ट राज्य विधायिका के समक्ष प्रस्तुत की जानी चाहिए। यदि आवश्यक हो, तो इसे संगत विधान पुरः स्थापित करके सांस्थानिक किया जाना आवश्यक होगा।

17. पैरा 10.122–हालांकि उक्त व्यवस्था लेखों की लेखा परीक्षा विश्वसनीय आवश्वासन उपलब्ध कराएगी, स्थानीय निकाया प्रतिनिधियों द्वारा भ्रष्टाचार तथा प्रशासनिक लापरवाही की शिकायतों की जांच के लिए कोई स्वतंत्र प्राधिकरण अधिकांश राज्यों में अभी भी सुव्यवस्थित नहीं है।
18. पैरा 10.143–स्थानीय निकायों को अनुदान के अनुक्रम में ग्रामीण के साथ–साथ शहरी स्थानीय निकायों के वित्त साधनों को बढ़ावा देने की निश्चय ही बड़ी जरूरत है। सभी स्थानीय निकायों को उनके अपने कर–राजस्वों तथा राज्य एवं केन्द्र सरकार से प्राप्त अन्य प्रवाहों के अतिरिक्त राजस्व के निश्चित और सक्रिय स्त्रोतों जो मौजुदा स्तरों से काफी अधिक हो के जरिए मदद दिए जाने की जरूरत है। इसके साथ–साथ स्थानीय निकायों को अपने कार्यों के निर्वहन में अधिक जवाबदेह भी बनाया जाना चाहिए। उनके लेखा विवरण ओर लेखा परीक्षा अद्यतन होनी चाहिए।
19. पैरा 10.161–सामान्य निष्पादन अनुदान के लिए प्रोत्साहन संरचना –राज्य सरकार अनुबंध 10.15 ख में दिखाए गए सामान्य निष्पादन अनुदान के अपने हिस्से को तभी आहरित करने के लिए पात्र होगा यदि वह नौ शर्तों का पालन करे इन शर्तों को वित्त वर्ष के अंत (31 मार्च) तक अवश्य पूरा किया जाना चाहिए ताकि राज्य अगले वित्त वर्ष के निष्पादन अनुदान को आहरित करने का पात्र हो सके। निम्नलिखित 9 शर्तों के अध्यधीनः–

(i)–राज्य सरकार को स्थानीय निकायों के लिए बजट दस्तावेज की अनुपूरक सामग्री तैयार की जानी चाहिए। 10.116 के अनुसार शहरी स्थानीय निकायों से लेखा विवरण रखने की भी अपेक्षा करनी चाहिए। इस शर्त के अनुपालन को दर्शाते हुए, राज्य सरकार को (क) बजट दस्तावेज की संगत अनुपूरक सामग्री प्रस्तुत करनी चाहिए। (ख) यह प्रमाणित करना चाहिए कि सभी ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में यथा अनुशंसित लेखाकंन प्रणालियां शुरू कर दी गई है।

(ii)– राज्य सरकार को 10.121 अनुसार सभी स्थानीय निकायों के लिए लेखापरीक्षा व्यवस्था स्थापित करनी चाहिए। C&AG को राज्य में प्रत्येक टियर/श्रेणी में सभी स्थानीय निकायों की लेखा परीक्षा पर TG&S एस दी जानी चाहिए। और उसकी वार्षिक तकनीकी निरीक्षण रिपोर्ट तथा स्थानीय निधि लेखापरीक्षा के निदेशक की वार्षिक रिपोर्ट राज्य की विधायिका के समक्ष प्रस्तुत की जानी चाहिए। C&AG से प्राप्त प्रमाणन इस शर्त के अनुपालन को दर्शाएगा।

(iii)– राज्य सरकार को स्वतंत्र स्थानीय निकाय लोकपाल की व्यवस्था कराई जानी चाहिए जो स्थानीय निकायों के कर्मचारियों अधिकारियों एवं निर्वाचित सदस्यों के विरूद्ध भ्रष्टाचार और कुप्रशासन की शिकायतों की जांच करें तथा उपयुक्त कार्यवाही की सिफारिश करें।

(iv)– राज्य सरकारों को ऐसी व्यवस्था कायम करना चाहिए जिससे इस आयोग द्वारा दिए गए स्थानीय निकाय के अनुदान केन्द्र सरकार से उनकी प्राप्ति के पांच दिन के भीतर ही संबंधित स्थानीय निकाय को इलैक्ट्रानिक रूप से अंतरित कर दिए जाएं।

(v)– राज्य वित्त आयोग के सदस्यों के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र व्यक्तियों की अर्हताओं को एक अधिनियम के जरिए निर्धारित करना चाहिए।

(vi)– स्थानीय निकायों को संपत्ति कर लगाने में पूरी तरह समर्थ होना चाहिए।

(vii)– राज्य सरकारों को राज्यस्तरीय सपंति कर बोर्ड स्थापित करना चाहिए।

(viii)– शहरी विकास मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ''सेवा स्तर के मानकों से संबंधित पुस्तिका'' में उल्लेखित संकेतकों के लिए चार सेवा क्षेत्रों–जलापूर्ति, मलजल व्यवस्था, वर्षाजल की निकासी, ठोस अवशिष्ठ पदार्थ के प्रबंधन के संबंध में वित्त वर्ष के अंत 31 मार्च तक सेवा मानक राजपत्र में प्रकाशित की जानी चाहिए।

(ix)– एक मिलीयन से अधिक जनसंख्या वाले सभी नगर निगम अपने अधिकार क्षेत्र में आग के खतरे से निपटने की व्यवस्था कायम करेंगे। राजपत्र में योजनाओं के प्रकाशित की जानी चाहिए।

20. पैरा 10.162–कोई भी राज्य अपना विशेष क्षेत्र निष्पादन अनुदान तभी आहरित कर सकेगा यदि वह निम्न शर्तें पूरी करता हो :–

(i)– यह अपने बजट दस्तावेजों की पूरक सामग्री में पैरा 10.110 में लिखत ब्यौरे का जिक्र करें तथा साथ ही उन एजेंसियों का उल्लेख करे जिन्हे विशेष क्षेत्र बुनियादी एवं निष्पादन अनुदान प्राप्त होगा वे शर्तें भी बताए जिनक तहत वे दिए जाएंगे एवं इन व्ययों की लेखापरीक्षा करने की प्रक्रिया भी बताई जाए। यदि ये एंजेंसिया पंचायतें हैं तो पैरा 10.161 के (i) (ii) (iii) (iv) में उल्लेखित शर्तों का अवश्य पालन किया जाए।

(**ii**)–यदि ये एजेंसियां पंचायतें नहीं हैं तो उन्हे तत्समय प्रवृत्त अनुदेशों के अनुरूप लेखा–विवरण बना कर रखने होंगे। ये लेखा–विवरण अद्यतन होने चाहिए, इनकी लेखा–परीक्षा सीएण्डएजी द्वारा पूरी की जानी चाहिए और जहां भी अधिदेशित हो, लेखा–परीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए। सी एंड एजी से इस आशय का प्रमाण पत्र लिया जाना चाहिए।

(iii)–कम से कम जिला स्तर के निर्वाचित सदस्य/अधिकारियों को पैरा 10.161 के (iii) में उल्लेखित लोकपाल के तहत लाना चाहिए। संबंधित कानून को पारित करने और उसके अधिसूचना किया जाना चाहिए।

(iv)–निर्धारित समय के भीतर निधियों के अंतरण के बारे में पैरा 10.161 के (iv) में दी गई शर्त को भी पूरा किया जाना अपेक्षित है।

21. पैरा 10.166–संपूर्ण पंचवर्षिय अवधि के लिए शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकाय दोनों के लिए बिना शर्त सहायता देने के लिए एक व्यापक स्तर की व्यवस्था की है। तथापि उन सभी प्रवाहों का देशभर में एक समान संरचना के भीतर हिसाब–किताब व लेखा परीक्षा की जानी चाहिए।

22. पैरा 10.167–आयोग द्वारा परिकल्पित स्थानीय निकायों के लिए जाने वाले अंतरणों की मात्रा में पर्याप्त वृद्धि के संबंध में राज्य सरकारों द्वारा अपनी लेखापरीक्षा संरचना को मजबूत किया जाना अपेक्षित है। जहां सी एंड एजी तकनीकी मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण की व्यवस्था करेगा, वहीं अधिकांश कार्य स्थानीय निधि लेखापरीक्षा विभाग द्वारा किया जाना होगा। आयोग की सिफारिश है कि सभी राज्य सरकारें क्षमता निर्माण करके एवं अपने कार्मिकों की संख्या बढ़ाकर अपने स्थानीय निधि लेखा संपरीक्षा विभाग को मजूबती प्रदान करें।

सी.ए.जी. द्वारा प्रदत्त तकनीकी मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण –

राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 24.10.2011 के साथ लेखा परीक्षा एवं लेखा विनियम 2007 के विनियम 152 के अधीन सी.ए.जी. द्वारा यू.एल.बी. में सुदृढ़ वित्तीय लोक प्रबंधन तथा जवाबदेही के प्रयोजन हेतु यू.एल.बी. के प्राथमिक लेखा परीक्षकों नामतः निर्देशक स्थानीय निधि लेखा संपरीक्षा को उपयुक्त तकनीकी दिशा निर्देश एवं पर्यवेक्षण उपलब्ध कराया जा सकेगा। विनियम 152 में दिए गए टी.जी.एस. के मापदण्ड निम्नलिखित है :–

स्थानीय निधि संपरीक्षक प्रत्येक मार्च के अंतक तक आगामी वित्तीय वर्ष के लिए एक वार्षिक लेखा परीक्षा योजना तैयार करेंगे।

डी.एल.एफ.ए. द्वारा यू.एल.बी. की लेखापरीक्षण के लिए लेखापरीक्षा कार्यप्रणाली एवं प्रक्रिया राज्य सरकार द्वारा अधिनियमित संविधियों तथा सी.ए.जी. द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार होगी।

प्रणाली सुधार पर सलाह देने के लिए डी.एल.एफ.ए. द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रतियाँ महालेखाकार (लेखापरीक्षा) को अग्रेषित की जाएगी।

डी.एल.एफ.ए. ऐसे प्रपत्र में विवरण भेजेगा जैसा कि सी.ए.जी. द्वारा सलाह देने एवे निगरानी करने के लिए विहित किया जायेगा।

महालेखाकार (लेखापरीक्षा) तकनीकी दिशानिर्देश देने के क्रम में कुल इकाईयों की नमूना जांच करेंगे तथा नमूना जांच के प्रतिवेदन डी.एल.एफ.ए. को कार्यवाही के अनुसरण के लिए भेजे जायेंगे।

कोई भी गंभीर अनियमितता, मौद्रिक मूल्य पर ध्यान दिए बिना महालेखाकार (लेखापरीक्षा) को सूचित किया जायेगा।

डी.एल.एफ.ए. अपने संगठन में महालेखाकार (लेखापरीक्षा) के परामर्श से एक आंतरिक नियंत्रण प्रणाली विकसित करेंगे।

महालेखाकार (लेखापरीक्षा) द्वारा स्थानीय निधि सपंरीक्षा कर्मियों के क्षमता विकास एवं प्रशिक्षण हेतु व्यवस्था किया जायेगा।

विधान सभा पटल पर प्रतिवेदन रखा जाना –

वित्तीय वर्ष 2011–12 में स्थानीय नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं में हुए वित्तीय संव्यवहारों पर स्थानीय निधि संपरीक्षा का वार्षिक प्रतिवेदन वित्त विभाग द्वारा राज्य के विधान पटल पर दिनांक 17.12.2014 को रखा गया, जिसका संक्षित वित्तरण निम्नानुसार है :–

अ. पंचायत राज संस्थाएँ–

क्र.	कंडिका क्रमांक	आपत्ति का विवरण	आपत्तियों की संख्या	सन्निहित राशि (रूपए में)
1	3.1	बजट संबंधी आपत्तियाँ	254	2468872282
2	3.2	बकाया मांग एवं शुल्क/कर जमा नहीं संबंधी आपत्तियाँ	53	3065239
3	3.3	योजना एवं अनुदान संबंधी आपत्तियाँ	317	1827184721
4	3.4	लेखांकन एवं बैंक समाधान संबंधी आपत्तियाँ	157	669013445
5	3.5	वित्तीय स्थिति संबंधी आपत्तियाँ	01	1757900
6	3.6	हानि/क्षति संबंधी आपत्तियाँ	42	2675463
7	3.7	दुर्विनियोजन संबंधी आपत्तियाँ	35	26052856
8	3.8	गबन संबंधी आपत्तियाँ	11	814442
9	3.9	नियमों के उल्लंघन संबंधी आपत्तियाँ	340	38880387
10	3.10	निर्माण कार्य संबंधी आपत्तियाँ	49	92532155
11	3.11	असमायोजित अग्रिम संबंधी आपत्तियाँ	50	19916412
12	3.12	स्थापना संबंधी आपत्तियाँ	09	495758
13	3.13	भण्डार क्रय नियम संबंधी आपत्तियाँ	181	40484415
14	3.14	अभिलेख अप्राप्त संबंधी आपत्तियाँ	73	18719671
15	3.15	अन्य आपत्तियां	176	60557149
योग			1748	5271022295

ब. स्थानीय नगरीय निकाय–

क्र.	कण्डिका क्रमांक	आपत्ति का विवरण	आपत्तियों की संख्या	सन्निहित राशि (रूपए में)
1	3.1	बजट संबंधी आपत्तियाँ	40	940044800
2	3.2	बकाया मांग एवं शुल्क/कर जमा नहीं संबंधी आपत्तियाँ	128	180571221
3	3.3	योजना एवं अनुदान संबंधी आपत्तियाँ	63	1067814053
4	3.4	लेखांकन एवं बैंक समाधान विवरण संबंधी आपत्तियाँ	76	234561707
5	3.5	वित्तीय स्थिति संबंधी आपत्तियाँ	02	1045243
6	3.6	हानि/क्षति संबंधी आपत्तियाँ	66	17596128
7	3.7	दुर्विनियोजन संबंधी आपत्तियाँ	02	16704524
8	3.8	गबन संबंधी आपत्तियाँ	30	357672
9	3.9	नियमों के उल्लंघन संबंधी आपत्तियाँ	126	19060200
10	3.10	निर्माण कार्य संबंधी आपत्तियाँ	92	45692193
11	3.11	असमायोजित अग्रिम संबंधी आपत्तियाँ	56	27065523
12	3.12	स्थापना संबंधी आपत्तियाँ	35	17412632
13	3.13	भण्डार क्रय नियम संबंधी आपत्तियाँ	27	13569989
14	3.14	अप्राप्त अभिलेख संबंधी आपत्तियाँ	26	58755287
15	3.15	ऋण संबंधी आपत्तियाँ	07	39552958
16	3.16	अन्य आपत्तियां	64	42706961
योग			**840**	**2722511091**

वित्तीय वर्ष 2011–12 एवं 2012–13 में स्थानीय नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं में हुए वित्तीय संव्यवहारों पर स्थानीय निधि संपरीक्षा का वार्षिक प्रतिवेदन वित्त विभाग द्वारा राज्य के विधान पटल पर दिनांक 23.12.2015 को रखा गया, जिसका संक्षित वित्तरण निम्नानुसार है :–

अ. पंचायत राज संस्थाएँ–

क्र.	कण्डिका क्रमांक	आपत्ति का विवरण	आपत्तियों की संख्या	सन्निहित राशि (रूपए में)
1	3.1	बजट संबंधी आपत्तियाँ	473	11982857451
2	3.2	बकाया मांग एवं शुल्क/कर जमा नहीं संबंधी आपत्तियाँ	89	81315111
3	3.3	योजना एवं अनुदान संबंधी आपत्तियाँ	550	10241127641
4	3.4	लेखांकन एवं बैंक समाधान संबंधी आपत्तियाँ	312	4392832267
5	3.5	वित्तीय स्थिति संबंधी आपत्तियाँ	3	122962811
6	3.6	हानि एवं क्षति संबंधी आपत्तियाँ	59	40154500
7	3.7	दुर्विनियोजन संबंधी आपत्तियाँ	54	21047467
8	3.8	गबन संबंधी आपत्तियाँ	17	2660990
9	3.9	नियमों के उल्लंघन संबंधी आपत्तियाँ	1021	3641862086

क्र.	कण्डिका क्रमांक	आपत्ति का विवरण	आपत्तियों की संख्या	सन्निहित राशि (रूपए में)
10	3.10	निर्माण कार्य संबंधी आपत्तियाँ	112	2857005596
11	3.11	असमायोजित अग्रिम संबंधी आपत्तियाँ	45	98664030
12	3.12	स्थापना संबंधी आपत्तियाँ	11	1204123
13	3.13	भण्डार क्रय नियम संबंधी आपत्तियाँ	683	171428835
14	3.14	अभिलेख अप्राप्त संबंधी आपत्तियाँ	208	2540792127
15	3.15	अन्य आपत्तियां	131	49236903
योग			**3768**	**36245151938**

ब. स्थानीय नगरीय निकाय–

क्र.	कण्डिका क्रमांक	आपत्ति का विवरण	आपत्तियों की संख्या	सन्निहित राशि (रूपए में)
1	3.1	बजट संबंधी आपत्तियाँ	45	1741703713
2	3.2	बकाया मांग एवं शुल्क/कर जमा नहीं संबंधी आपत्तियाँ	314	1091963980
3	3.3	योजना एवं अनुदान संबंधी आपत्तियाँ	165	6685590733
4	3.4	लेखांकन एवं बैंक समाधान विवरण संबंधी आपत्तियाँ	161	1612624789
5	3.5	वित्तीय स्थिति संबंधी आपत्तियाँ	0	0
6	3.6	हानि/क्षति संबंधी आपत्तियाँ	132	85781326
7	3.7	दुर्विनियोजन संबंधी आपत्तियाँ	18	28489187
8	3.8	गबन संबंधी आपत्तियाँ	45	2094791
9	3.9	नियमों के उल्लंघन संबंधी आपत्तियाँ	367	321050170
10	3.10	निर्माण कार्य संबंधी आपत्तियाँ	315	422002205
11	3.11	असमायोजित अग्रिम संबंधी आपत्तियाँ	76	164163217
12	3.12	स्थापना संबंधी आपत्तियाँ	98	36955246
13	3.13	भण्डार क्रय नियम संबंधी आपत्तियाँ	48	34833355
14	3.14	अप्राप्त अभिलेख संबंधी आपत्तियाँ	41	1584391210
15	3.15	ऋण संबंधी आपत्तियाँ	13	1492801360
16	3.16	अन्य आपत्तियां	81	104707662
		योग	1919	**15409152944**

शिक्षा कर्मियों (पंचायत एवं नगरीय निकाय) के वेतन निर्धारण सत्यापन का कार्य –

छत्तीसगढ़ वित्त विभाग के आदेश क्रमांक 24/2047/2012/स्था/चार नया रायपुर दिनांक 02.01.2013 के अनुसार पंचायत एवं नगरीय निकायों में कार्यरत शिक्षा कर्मियों के वेतन निर्धारण के सत्यापन का कार्य, स्थानीय निधि सपंरीक्षा को सुपुर्द किया गया है। इस आदेश के अनुपालन में संचालनालय स्थानीय निधि सपंरीक्षा के द्वारा अपने 06 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से वेतन निर्धारण सत्यापन का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है।

राज्य शासन के अधीन कार्यरत निगम/मण्डल/आयोग/अर्द्धशासकीय संस्थाओं तथा शत् प्रतिशत अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्थाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन निर्धारण सत्यापन का कार्य –

छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग के परिपत्र क्रमांक/1533/एल 11–2/वित्त/2010/बजट–4/चार रायपुर दिनांक 13.10.2011 (वित्त निर्देश 49/2011) अनुसार राज्य शासन के अधीन कार्यरत निगम/मण्डल/आयोग/अर्द्धशासकीय संस्थाओं तथा शत् प्रतिशत अनुदान प्राप्त अशासकीय संस्थाओं के अधिकारियों/कर्मचारियों के वेतन निर्धारण प्रकरणों की जांच संचालनालय स्थानीय निधि सपंरीक्षा एवं क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से की जा रही है।